>**14.17 hrs.**

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at seventeen minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shri P.H. Pandian *in the Chair*)

MR. CHAIRMAN: Now, the House will take up Matters under Rule 377.

Title: Need to accord approval to gauge conversion of Rewari-Bikaner, Sadulpur-Hissar and Ratangarh Degana metre gauge lines in Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चूरू) : सभापति महोदय, रेवाड़ी-बीकानेर, सादुलपुर-हिसार, रतनगढ़-डेगाना मीटर गेज रेल लाईन को ब्रोड गेज में परिवर्तित किए जाने की मांग कई वर्ाों से की जा रही है। मैंने भी इस मांग को बार-बार सदन में उठाया है लेकिन अभी तक इस महत्वपूर्ण मांग को पूर्ण नहीं किया गया है। रेवाड़ी से सादुलपुर व सादुलपुर से हिसार मार्ग के आमान परिवर्तन की स्वीकृति भी जारी हो चुकी है। सर्वे का काम भी पूरा हो चुका है लेकिन आज तक यह कार्य चालू नहीं हुआ। चालू वर्ा के लिए 14 करोड़ रुपयों का आबंटन भी किया गया है लेकिन मंत्रालय द्वारा उसका भी उपयोग नहीं किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र चूरू में जोधपुर मेल जोधपुर से दिल्ली चला करती थी, यह गाड़ी इस क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण गाड़ी थी। कुछ भाग पर आमान परिवर्तन होने के कारण इस गाड़ी को बंद कर दिया गया। जिसके कारण यहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र के व्यापारियों व आम जनता का देश के विभिन्न भागों में आना-जाना बना रहता है। सामरिक व व्यापारिक दृटि से यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि उक्त रेल लाईनों का आमान परिवर्तन कर यहां की जनता को राहत प्रदान करने का कट करें।